
बिहार में एनडीए के तीनों घटक दलों के बीच विधान सभा चुनाव में टिकट के बंटवारे पर आम सहमति, जदयू-121, भाजपा-91, लोजपा-31 सीट पर राजी, नीतीश होंगे बड़े भाई, भाजपा समझौता को तैयार


केंद्रीय कैबिनेट में बड़े ओहदे के साथ 25 साल तक विधायक- सांसद रहने के बाद भी खपरैल घर में संत का जीवन जीते हैं बाबा रघुवंश बाबू, न गाड़ी है न बैंक-बैलेंस-फोन


मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत सीएम आवास से कुल 16 लोगों का कोरोना जांच रिपोर्ट नेगेटिव,अवधेश नारायण सिंह परिवार के साथ एम्स पटना में इलाज के लिए भर्ती


नीतीश के खिलाफ चिराग की नई चाल से जदयू में हड़कंप, चाह कर भी विरोध नहीं कर पाएंगे सुशासन


युवराज

# न्यूज़ टुडे

RNI:- BIHHIN05409

NEWS TODAY Update

www.newstodayupdate.in

आपकी आवाज़

राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक

वर्ष : 06 अंक : 13+5 तिथि : 0 जुलाई 2020 मूल्य : निःशुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in

रजि० कार्यालय : अस्थाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401

समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272


## न्यूज़ टुडे लॉक डाऊन स्पेशल रोजाना अंक

## बिहार में एनडीए के तीनों घटक दलों के बीच विधान सभा चुनाव में टिकट के बंटवारे पर आम सहमति, जदयू-121, भाजपा-91, लोजपा-31 सीट पर राजी, नीतीश होंगे बड़े भाई, भाजपा समझौता को तैयार

न्यूज़ टुडे एक्सक्लूसिव



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,




बिहार में एनडीए के तीनों घटक दलों के बीच विधान सभा चुनाव में टिकट के बंटवारे पर आम सहमति बन गयी है। विधान सभा चुनाव में जदयू 121, भाजपा 91 और लोजपा 31 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। टिकट बंटवारे तक 2 सीट कम या ज्यादा पर सहमति बन जायेगी।

दिल्ली के राजनीतिक गलियारे से प्राप्त समाचार के अनुसार, बड़े भाई की भूमिका में नीतीश कुमार की पार्टी जदयू ही रहेगा। भाजपा लोजपा के साथ होने के कारण सीटों का नुकसान उठाने की तैयार है, ले. किन लोजपा को ज्यादा जोखिम में सहयोगी दल नहीं डालेंगे। उसे भी 30 से अधिक सीट मिलेगी। 2015 में भाजपा ने लोजपा को 42 सीटों की हिस्सेदारी थी और इसमें 40 उम्मीदवार चुनाव हार गये थे।

हालांकि 2020 के फार्मूले को इससे पहले के किसी फार्मूले के साथ जोड़कर नहीं देखा जा रहा है। नये समीकरण और संभावनाओं को देखते हुए नया रास्ता निकाला जा रहा है। इसमें लोकसभा का भी कोई गणित फीट नहीं बैठता है। सूत्रों की माने तो बिहार भाजपा नीतीश कुमार के आगे 'स्टेपनी' की भूमिका में है और जदयू उसकी वैसी ही भूमिका बनाये रखना चाहता है। नीतीश कुमार ने जब से भाजपा के साथ नयी पारी शुरू की है, तब से संगठन पर अधिक जोर दिया है। इसे ऐसे भी कह सकते हैं कि नीतीश ने पार्टी की कमान संभालने के बाद संगठन को बूथ तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया है। हालांकि मार्च में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में जदयू की हवा निकल गयी थी।

2015 के विधान सभा चुनाव में भाजपा ने अपनी औकात देख ली है। इसलिए नीतीश की शर्तों को मानने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। यही विवशता रामविलास पासवान एंड फैमिली पार्टी की है। कुल मिलाकर एनडीए में सीटों की संख्या का मामला फरिया गया है। सीटों के नाम की बात करें तो अभी एनडीए के कुल 126 सीटिंग विधायक हैं। इसमें जदयू के 70, भाजपा के 54 और लोजपा के 2 सदस्य शामिल हैं। सीटिंग सीटों पर कुछेक सीटों को छोड़कर उसी पार्टी को मिल जाएंगी। लगभग 120 से 125 सीटों पर ही नये उम्मीदवारों और दलों की संभावना बनती है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व चुनाव आते–आते सहमति कायम कर लेंगे। लेकिन सीटों की अंतिम संख्या और नाम चुनाव की अधिसूचना के बाद निकल कर सामने आयेगी।

## नीतीश के खिलाफ चिराग की नई चाल से जदयू में हड़कंप, चाह कर भी विरोध नहीं कर पाएंगे सुशासन बाबू



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,

बिग ब्रेकिंग




विधानसभा चुनाव के पहले एनडीए में अपने सख्त रुख से सहयोगियों को सन्न कर देने वाले चिराग पा. सवान ने अब नीतीश कुमार और उनकी पार्टी जनता दल यूनाइटेड के खिलाफ नया सियासी दांव खेला है।

चिराग पासवान में विधानसभा चुनाव के पहले बिहार में नीतीश के सामने एक नया चेहरा खड़ा कर दिया है। जनता दल यूनाइटेड ये कहते रहा है कि बिहार में चुनाव नीतीश कुमार के चेहरे पर लड़ा जाएगा लेकिन चिराग पासवान जिस चेहरे को लेकर सामने आए हैं उसका विरोध चाह कर भी जेडीयू नहीं कर पाएगा।

जनता दल यूनाइटेड को बैकफुट पर धकेलने के लिए चिराग पासवान ने अब जिस रणनीति के तहत कदम आगे बढ़ाया है उसके तहत बिहार में केंद्र सरकार के किए गए काम की चर्चा को आगे जारी रखने की तैयारी है। कोरोना काल में गरीबों को दिए जाने वाला मुफ्त अनाज की योजना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उठाए गए कदम को चिराग पासवान अब बिहार में जनता के सामने रखेंगे।

उन्होंने अपनी पार्टी के नेताओं को इसका टास्क भी दे दिया है। चिराग पासवान जानते हैं कि नीतीश कुमार के सामने अगर नरेंद्र मोदी का चेहरा खड़ा किया गया तो बीजेपी उसके साथ होगी और जेडीयू चाह कर भी विरोध नहीं कर पाएगा।

पीएम मोदी के चेहरे को आगे करने के साथ–साथ चिराग पासवान अपने पिता और एलजेपी के संस्थापक रामविलास पासवान के विभाग की तरफ से उठाए गए कदमों की भी खूब चर्चा करने वाले हैं। दरअसल नवंबर महीने तक के गरीबों को मुफ्त अनाज दिए जाने के केंद्र सरकार के फैसले का सीधा संबंध राम. विलास पासवान के खाद्य उपभोक्ता मंत्रालय से है। ऐसे में चिराग एक तीर से तीन निशाने साध रहे हैं। पीएम मोदी का चेहरा आगे कर चिराग नीतीश कुमार के चेहरे की ब्रांडिंग से बचना चाहते हैं। वहीं बीजेपी को अपने भरोसे में रखना चाहते हैं और साथ ही साथ रामविलास पासवान की उपलब्धियां भी बिहार की जनता के सामने लाना चाहते हैं। देखना दिलचस्प होगा कि चिराग के इस अदाओं का जनता दल यूनाइटेड किस तरह सामना कर पाता है।

बस एक क्लिक कीजिए
देश दुनिया की ख़बर के साथ अपनी ख़बर भी देखिए
www.newstodayupdate.in
A Fast Growing Web News Portal
A unit of Yuvaraj Media Entertainment
Contact for News & Advt.: 9471005272, 8210595830

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत सीएम आवास से कुल 16 लोगों का कोरोना जांच रिपोर्ट नेगेटिव,अवधेश नारायण सिंह परिवार के साथ एम्स पटना में इलाज के लिए भर्ती



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,

कोरोना जांच रिपोर्ट नेगेटिव




बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कोरोना जांच रिपोर्ट नेगेटिव आई है। शनिवार को सिविल सर्जन की टीम द्वारा सीएम आवास में उनका सैंपल लिया गया था। आईजीआईएमएस की लैब में देर रात सैंपल जांच में उनकी रिपोर्ट नेगेटिव आई। अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि सीएम आवास से कुल 16 लोगों के सैंपल जांच के लिए आईजीआईएमएस आए थे। सभी की रिपोर्ट नेगेटिव आई है।

विधान परिषद के कार्यकारी सभापति अवधेश नारायण सिंह की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद सीएम आवास और डिप्टी सीएम आवास से जुड़े लोगों के सैंपल लिए गए थे। मालूम हो कि विधान परिषद के कार्यकारी सभापति के साथ हाल ही में एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शामिल हुए थे। अवधेश नारायण सिंह के कोरोना पॉजिटिव होने की सूचना मिलने के बाद मुख्यमंत्री ने भी अपनी जांच कराई थी।

शनिवार को बिहार विधान परिषद के कार्यकारी सभापति अवधेश नारायण सिंह में कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई। इसके बाद बिहार के सियासी गलियारे में हड़कंप मच गया क्योंकि हाल ही में तमाम नेता, मंत्री, विधायक और एमएलसी सभापति के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए थे। अवधेश नारायण सिंह की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद सीएम नीतीश ने खुद ही पहल कर अपना टेस्ट कराया। हालांकि राहत की बात रही की उनके साथ ही अन्य लोगों की रिपोर्ट भी नेगेटिव आई है

बता दें कि अवधेश नारायण सिंह ने परिवार के अन्य लोगों के साथ 30 जून को कोरोना जांच के लिए सैंपल दिया था। 04 जुलाई को आई रिपोर्ट में सिंह के अलावा उनकी पत्नी, उनके दो पुत्र, एक बहू और उनके सचिव में कोविड–19 की पुष्टि हुई। रिपोर्ट आने के बाद सभी को एम्स, पटना में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

## केंद्रीय कैबिनेट में बड़े ओहदे के साथ 25 साल तक विधायक-सांसद रहने के बाद भी खपरैल घर में संत का जीवन जीते हैं बाबा रघुवंश बाबू, न गाड़ी है न बैंक-बैलेंस-फोन



डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,

शख्सियत




आपको पता है उपर की तस्वीर में कौन है ये साधारण सा व्यक्ति? जी ये है डॉ रघुवंश प्रसाद सिंह पूर्व केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री जी हाँ तीन तीन बार केन्द्र में मंत्री रहे 15 साल से अधिक सांसद तथा 5 साल विधायक और 5 साल विधानपरिषद यानी 25 साल के राजनीतिक जीवन के बाद भी खपरैल पुराने घर में रहते हैं, आजतक खुद की गाड़ी नही, खुद का स्मार्टफोन नहीं है। मजदूर और किसान की तरह जीवन यापन, साधारण गरीब, मजदूरों की तरह खाना सुखी रोटी, सब्जी, मक्का और जो की सतु तथा मक्का की भुजा खा कर जीवन यापन करते हैं।

पेंशन के अलावा खाते में कोई पैसा नहीं है। यही असली समाजवादी नेता है।बिहार के ग्रामीण सड़कों का विकास तथा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क का निर्माण या प्रधानमंत्री ग्रामीण विद्युतीकरण हर गाँव हर घर बिजली पहुंचाने का श्रेय डॉ रघुवंश प्रसाद सिंह को ही जाता है। लालू प्रसाद यादव राज्य में बिहार के सड़क के विकास नहीं होने का मुख्य कारण यह था कि 2004 से पहले राज्यों के ग्रामीण सड़कों के योजना के लिए केन्द्र से 70 प्रतिशत राशि मिलती थी और राज्यों को 30 फीसदी अपने तरफ से लगाने पड़ते थे लेकिन बिहार जैसे अति पिछड़े राज्यों के लिए 30 फीसदी राशि सड़क में लगाने पर बहुत सारे योजना में कटौती करनी पड़ती।

जिसके कारण तत्कालीन राजद सरकार मजबूरी के कारण केंद्र की 70 प्रतिशत राशि लौटा देती थी, ले. किन जब 2004 के यु पीए सरकार में डा रघुवंश प्रसाद सिंह जैसा ईमानदार नेता ग्रामीण विकास मंत्री बने तो उन्होंने लोकसभा और राज्यसभा में लंबी बहस के बाद प्रधानमंत्री को समझाने में सफल रहे कि पिछड़े राज्यों में सड़कों के विकास के लिए तथा बिजली पहुंचाने के लिए 100 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार को देने चाहिए तथा ये बिल संसद में पास हो गया लेकिन राजद का दुर्भाग्य की 2005 में बिहार में रंगा बिल्ला की सरकार बन गई तथा केन्द्र के विकास को शिक्षा के कमी के कारण बिहार के लोगों ने नीतिश कुमार का विकास समझ लिया।

रघुवंश प्रसाद सिंह का भारत के ग्रामीण मजदूरों के लिए रोजगार गारंटी योजना के तहत रोजगार देने के लिए मनरेगा मिल का पत्थर साबित हुआ तथा मनरेगा के सफलता का श्रेय आदरणीय पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी ने खुले मंच से रघुवंश प्रसाद सिंह को दिया था और आपदा के ईस घड़ी पुरे भारत के मजदूरों के साथ साथ बिहार के मजदूरों, दलितों, अल्पसंख्यकों, पिछड़े, अति पिछड़े वर्ग के गरीब मजदूर लोगों जिस तरह से बाबा साहब भीम राव अंबेडकर जी ने आपके लिए आरक्षण दिया उसी तरह डॉं रघुवंश प्रसाद सिंह उर्फ बाबा ने आप लोगों को रोजगार की गारंटी योजना के तहत मनरेगा दिया जिसमे आपको केन्द्र के तरफ से पैसे और रोजगार दोनों मिल रहा है।

दलितों, पिछड़े, अति पिछड़े, अल्पसंख्यकों और गरीब सामान्य वर्ग के लोगों क्या रघुवंश प्रसाद सिंह गरीब राजपूत परिवार में जन्म लिया है तो पाप किया है क्या? क्या रघुवंश प्रसाद सिंह जैसा ईमानदार नेता आज दलित, पिछड़े, अति पिछड़े, अल्पसंख्यक में जन्मा होता तो प्रधानमंत्री और मुख्य मंत्री आप नहीं बनाते, आज रघुवंश प्रसाद सिंह का अपना जाति का लोग इसलिए गाली देता है कि वह आजिवन दलित, पिछड़े, वंचित, शोषित और अल्पसंख्यकों के लिए लडते रहे तथा अति पिछड़े, पिछड़े और दलित समाज उन्हें इसलिए समर्थन नहीं कर रहा है कि वह एक गरीब राजपूत है जिन्होंने एक रुपया का भ्रष्टाचार नहीं किया, माफियाओं, ठेकेदार, अपराधियों, हत्यारे को संरक्षण नहीं दिया।समाजबादी विचार धारा के प्रतीक हैं।

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

# आइसीएआर के अधिकारियों से चल रहे निर्माण कार्य के साथ अन्य गतिविधियों की जानकारी ली डीएम ने

न्यूज टुडे खोज खबर





रिंकू गिरी,
संवाददाता

पीपराकोठी समेकित कृषि अनुसंधान संस्थान के सभागार में आइसीएआर के अधिकारियों व वैज्ञानिकों के साथ डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने शुक्रवार को बैठक किया। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधामोहन सिंह मौजूद थे। इस दौरान डीएम श्री अशोक ने आइसीएआर के अधिकारियों से चल रहे निर्माण कार्य के साथ अन्य गतिविधियों की जानकारी ली।

साथ ही सीओ भास्कर कुमार मंडल व डीएओ को निर्माण कार्य के जानकारी संग्रह करने का निर्देश दिया। मौके पर एसडीओ सदर प्रियरंजन राजू, केविक प्रमुख डॉ. अरविंद कुमार सिंह, बीडीओ सुनीता कुमारी, सीओ भाष्कर कुमार मंडल, डीएओ, आईसीएआर व केवीके के वैज्ञानिक सहित कई लोग मौजूद थे।




# राष्ट्रीय वैश्य महासभा ने मैट्रीक एंव इंटर परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उतीर्ण छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

बड़ी उपलब्धि





संतोष राऊत
न्यूज टुडे,


मोतिहारी मुफसिल थाना के मधुबनी घाट मिड्ल स्कूल परिसर में मैट्रीक एंव इंटर परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उतीर्ण छात्र–छात्राओं को राष्ट्रीय वैश्य महासभा द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को राष्ट्रीय वैश्य महासभा के प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता संजय जायसवाल एंव प्रदेश महासचिव राजेश जायसवाल उर्फ पप्पू जायसवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत में छात्रों की भूमिका को छात्र शक्ति –राष्ट्र शक्ति कहा जाता है।इसमें कोई संदेह नहीं है कि देश का भविष्य छात्रों में निहित होता है, छात्र आने वाले कल की आशा और हमारे राष्ट्र के भविष्य पथ प्रदर्शक है,उनमें राष्ट्र को बनाने एंव बिगाड़ने की अदम्य क्षमता है,यही कारण है कि दुनिया का हर देश छात्रों की भूमिका और उनके उचित विकास को पर्याप्त महत्व देता है।छात्र राष्ट्र की सबसे बड़ी संपत्ति है।

श्री जायसवाल ने कहा कि आज हमारे यहां की बेटियां भी शिक्षा के मामले में लड़कों से कम नहीं है।आज हमारे यहां की बेटी जज, डीएम,एसपी से लेकर बड़े–बड़े पद को सुशोभित कर रही है। कार्यक्रम के आयोजक राष्ट्रीय वैश्य महासभा के मोतिहारी प्रखंड अध्यक्ष बबलू जायसवाल को धन्यवाद देता हूं कि छात्र–छात्राओं के सम्मान में यह कार्यक्रम रख कर उनके हौसला बढ़ाने का सराहनीय कार्य किया है।

प्रथम श्रेणी से उतीर्ण इंटर के छात्रा सोनाली कुमारी,नंदनी कुमारी,मनीषा कुमारी एंव मैट्रिक के अमिषा कुमारी,दृष्टि कुमारी एंव अभिमन्यु कुमार आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष धनराज प्रसाद साहू एंव मंच संचालन प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने किया।

प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य रूप से राष्ट्रीय वैश्य महासभा के प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता संजय जायसवाल, प्रदेश महासचिव राजेश जायसवाल उर्फ पप्पू जायसवाल, कमलेश चौधरी,जिलाध्यक्ष धनराज प्रसाद साहू,प्रधान महासचिव देवनारायण गुप्ता,उपाध्यक्ष मनोज कुमार (एलआइसी),महासचिव संजय प्रसाद, नगर अध्यक्ष सुमित कुमार गुप्ता,नगर प्रधान महासचिव धीरज सर्राफ,मुरारी प्रसाद,जिला पार्षद अनमोल राम, प्रमुख संगीता देवी,पैक्स अध्यक्ष चुन्नू सिंह,पूर्व मुखिया पुष्पा देवी,सुरेश तिवारी, राजाराम प्रसाद, गौरीशंकर सिंह,डॉ०सुरेंद्र प्रसाद, डॉ०रामएकबाल प्रसाद,अरविन्द जायसवाल, श्यामल कुमार,अजय जायसवाल, दीनबंधु बैठा,रामप्रीत पंडित आदि उपस्थित रहें।













युवराज मीडिया एंड एंटरटेनमेंट की घोषित चम्पारण की पावन धरती पर बन रही भव्य वेब सीरिज एवं फीचर फिल्म की शुटिंग शीघ्र शुरू होगी ।

निर्माता: 9471005272

# भारत-नेपाल की सर्वे टीम ने की गुआबारी तटबंध के विवादित हिस्से की मापी

ग्राउण्ड जीरो रिपोर्टिंग





डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,

भारत–नेपाल सीमा पर चल रहे तनावपूर्ण संबंध के बीच पूर्वी चंपारण जिला के बलुआ गुआबारी तटबंध के सर्वे का काम पूरा हो गया है. भारत और नेपाल की सर्वेक्षण टीम ने जिले के ढाका प्रखंड स्थित लालबकेया नदी के पश्चिमी तटबंध पर सर्वे और मापी की. इस दौरान दोनों देश की सर्वे टीम के अलावा अधिकारियों की टीम भी मौजूद थी. भारत की तरफ से सिंचाई विभाग के अधिकारियों के अलावा अनुमंडल और प्रखंड स्तर के अधिकारी मौजूद थे.

**सर्वे टीम ने 14 स्थानों पर किया है सीमांकन**

सर्वेक्षण के दौरान मौके पर मौजूद अधिकारियों के अनुसार देहरादून के दो सदस्यीय भूमि सर्वेक्षण दल ने नेपाल के सर्वेक्षण टीम के साथ सर्वे और भूमि मापी का कार्य किया है. हालांकि, सर्वे करने आए देहरादून की सर्वेक्षण टीम के सदस्यों ने कुछ भी बताने से इंकार किया. लेकिन जिला स्तरीय अधिकारियों को उम्मीद है कि अगले दस दिनों में सर्वेक्षण की अंतिम रिपोर्ट आ जाएगी. उसके बाद ही तटबंध के विवादित हिस्से के निर्माण और मरम्मती को लेकर कोई निर्णय लिया जा सकता है.सिंचाई विभाग के जूनियर इंजीनियर बब्बन सिंह ने बताया कि सरकार के स्तर से अंतिम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है. उन्होने बताया कि सर्वे टीम ने तटबंध के 14 स्थानों पर सीमांकन किया है.

**500 मीटर के तटबंध पर नेपाल कर रहा है दावा**

बता दें कि बरसात के दिनों में लालबकेया नदी के कहर से भारतीय परिक्षेत्र के लोगों को बचाने के लिए भारत सरकार ने तटबंध का निर्माण किया है. लालबकेया नदी पर बने 4.11 किलोमीटर लंबे तटबंध की मरम्मती और निर्माण का कार्य प्रतिवर्ष मानसून शुरू होने से पूर्व होता है. इस साल तटबंध की मरम्मती के अलावा उसकी ऊंचाई को बढ़ाने का कार्य चल रहा था, लेकिन तटबंध के 3.1 किलोमीटर से लेकर 3.6 किलोमीटर के बीच के मरम्मती और ऊंचाई बढ़ाने के काम का नेपाल ने विरोध किया. साथ ही तटबंध के लगभग 500 मीटर की लंबाई को अपनी भूमि बताकर नेपाल ने काम रुकवा दिया.

**सर्वे टीम की अंतिम रिपोर्ट का प्रशासन को इंतजार**

लालबकेया नदी पर बना तटबंध गुआबारी के रेलवे लाईन ऑफिस घाट से बलुआ गांव के सामने तक 4.11 किलोमीटर में बना हुआ है. लेकिन भारत–नेपाल सीमा को दर्शाने वाले पिलर संख्या 346 और 347 के बीच 500 की लंबाई पर नेपाल ने अपना दावा करते हुए तटबंध के मरम्मती का काम बाधित कर दिया.

**दोनों देशों की सर्वे टीम ने किया सर्वेक्षण का काम पूरा**

लिहाजा जिलाधिकारी ने केंद्रीय गृह मंत्रालय, नेपाल में महावाणिज्य दूतावास और बिहार सरकार को पत्र लिखकर स्थिति से अवगत कराया. उसके बाद दोनो देशों के अधिकारियों की हुई बैठक में सर्वेक्षण टीम द्वारा सर्वे कर लेने के बाद तटबंध मरम्मती का काम शुरु करने का निर्णय हुआ. दोनों देशों की सर्वे टीम ने सर्वेक्षण का काम पूरा कर लिया है. जिला प्रशासन सर्वेक्षण टीम के रिपोर्ट के आधार पर सरकार के निर्देश का इंतजार कर रही है.आपको बता दें कि यह पूरी कवायद लालबकेया नदी के पश्चिमी छोर पर बने तटबंध की मरम्मती कार्य पर नेपाल की ओर से रोक लगाए जाने के बाद शुरू हुई है. जहां नेपाल ने तटबंध के 500 मीटर की लंबाई को अपनी भूमि बताकर काम रुकवा दिया था.

# पूर्व मंत्री व जदयू के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य के नीजि कोष से नव निर्मित प्रतिमाओं का जदयू जिलाध्यक्ष ने किया अवलोकन

निरीक्षण





सम्राट, संवाददाता

रक्सौल अनुमंडल के छौड़ादानो प्रखंड के बथुअहिया गांव के समीप संत कबीर नगर नरौऊल में नव निर्मित डा.भीम राव अम्बेडकर, सरदार वल्लभ भाई पटेल , शहीद जगदेव बाबू ,महात्मा बुद्ध के प्रतिमा सहित भारत रत्न से सम्मानित भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री अबुल कलाम के नाम से नव निर्मित पुस्तकालय का जदयू जिलाध्यक्ष भुवन पटेल ने अवलोकन किया।

बथुवहिया पहुचने पर जदयू जिलाध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद व पूर्व मंत्री व जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य बीरेंद्र सिंह कुशवाहा का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया।

जदयू जिलाध्यक्ष श्री प्रसाद ने बताया कि की आने वाले दिनों में माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के कर कमलो द्वारा नव निर्मित महापुरुषों के प्रतिमाओं का अनावरण होगा ।यह पुरे उत्तर बिहार के लिए. ऐहतिहासिक व गौरव गाथा के प्रतीक होगा।यह प्रतिमाओं व पुस्तकालय का निर्माण बिहार सरकार के पूर्व मंत्री व जदयू के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य विरेन्द्र प्रसाद सिंह कुशवाहा ने अपने नीजि कोष से कराया है। मौके पर रमेश पटेल, भिखारी पासवान,अरुण सिंह,रामेश्वर कुशवाहा,शम्भू साह,विशेश्वर कुशवाहा,रमोद कुशवाहा,इन्द्रजीत पटेल,नागेंद्र साह,पिंटू पटेल, बिकाश कुशवाहा,आनंद कुशवाहा,विनय कुमार,अनिल पटेल, सहित कई लोग शामिल थे।

# बिहार कैबिनेट की बैठक में 3 एजेंडों पर मुहर, 3 से 6 अगस्त तक चलेगा मॉनसून





आशीष राज,
स्थानीय संपादक,

कैबिनेट की बैठक

बिहार कैबिनेट की बैठक खत्म हो गयी है. बैठक में 3 एजेंडों पर मुहर लगी है. कैबिनेट की बैठक में मॉनसून सत्र की तारीख पर मुहर लगी है. 3 अगस्त से 6 अगस्त तक मॉनसुन चलेगा. 3 अगस्त से मॉनसुन सत्र शुरू होगा. 6 अगस्त को मॉनसून सत्र संपन्न होगा.

अनुसूचित जाति के लिए वित्तीय वर्ष 2020–21 में मोतिहारी, किशनगंज और फारबिसगंज में 560 संख्या वाले राजकीय अंबेदकर आवासीय उच्च विद्यालय का निर्माण किया जाएगा. ये निर्माण कार्य बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड करेगा. जिसके लिए कुल 45 करोड़ 50 हजार रूपये की दी गई है.

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति संबंधित नियमावली 2011 और संशोधित 2013 के आलोक में राज्य के अनुदानित 599 इंटर स्तरीय महाविद्यालयों , 16 माध्यमिक विद्यालयों की संबद्धता के लिए निर्देश तय माप. दंड की पूर्ति के लिए निर्धारित अंतिम तारीख 14. 11. 2016 को दिनांक 31.12. 2020 तक नामांकन हेतु विस्तारित करने एवं निर्दिष्ट मापदंड की पूर्ति करने पर शैक्षणिक सत्र 2014 से 2016 से अनुदान की राशि के वितरण की स्वीकृति के संबंध में फैसला लिया गया है.

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830